आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा आज और कल शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।
2. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से द्वीपसमूह के लिए अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति का अनुरोध किया है।
3. हाफ मैराथन के चलते कल सुबह 4 बजे से नेताजी स्टेडियम से कार्बाइंस कोव तक का मार्ग वाहनों के आवागमन के लिए बंद रखा जाएगा।
4. विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज भी जारी रहेगी।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा आज और कल शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और विश्व पर्यटन दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे। दौरे के दौरान, उपराज्यपाल शहीद द्वीप के दो प्रमुख पर्यटक स्थलों – भरतपुर बीच और लक्ष्मणपुर सनसेट बीच पर स्वच्छता अभियानों का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद, वे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्लस्टर का निरीक्षण और कचरा पृथक्करण व निपटान की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। वे पुलिस थाना, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और जेट्टी का दौरा कर वहां स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन सुविधाओं का जायजा लेंगे। उपराज्यपाल पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों और आम जनता के साथ स्वच्छता, पर्यटन, स्वच्छता प्रबंधन तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर संवाद करेंगे।

<><><><><><><><>

उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रमुख पर्यटक स्थलों पर चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रवींद्र सिंह यादव, आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात कर द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों के समग्र विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री के. आर. नायडू से भी शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उड्डयन मंत्री ने द्वीपसमूह के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने, हवाई किराए को अधिक किफायती बनाने, अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने और अंतर–द्वीपीय सीप्लेन सेवाएं शुरू करने के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, उपराज्यपाल ने नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालसुब्रमण्यम के साथ प्रधानमंत्री के विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप अंडमान निकोबार द्वीप समूह के समग्र विकास पर चर्चा की। इस दौरान जारी परियोजनाओं के लिए एक वित्तीय वर्ष की कार्य योजना पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

<><><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर द्वीपसमूह में एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता न होने की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान, जहाजरानी सेवाएं बाधित हो जाती हैं। इस अवधि के दौरान, दूरदराज के द्वीपों को एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से द्वीपसमूह के लिए विशेष एकमुश्त बफर स्टॉक कोटे के रूप में 8000 अतिरिक्त घरेलू एलपीजी सिलेंडर और 2000 अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित किए जा रहे हाफ मैराथन के सुचारू संचालन के लिए कल सुबह 4 बजे से 10 बजे तक नेताजी स्टेडियम से कार्बाइंस कोव समुद्र तट तक के मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए बंद रखा जाएगा। आम जनता से इस अवधि के दौरान यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने संबद्ध विभागों के सहयोग से कल कार्बाइंस कोव बीच पर ओपन पुरुष और महिला वर्ग के लिए बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत की। कल पुरुष और महिला वर्गों में कुल मिलाकर 4 मैच खेले गए। इस टूर्नामेंट में कुल 38 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता आज भी सुबह 9 बजे से जारी रहेगी। इस बीच, पुरुषों और महिलाओं के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता आज दोपहर बाद 3 बजे से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

72वें वन्यजीव सप्ताह के तहत हाल ही में विम्बर्लीगंज मिनी स्टेडियम में कनेक्टिंग हैबिटैट्स, थ्राइविंग वाइल्डलाइफ विषय के साथ 'वाइल्डलाइफ वीक कप' नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच स्टीवर्टगंज टीम और किंग मेकर्स टीम के बीच खेला गया, जिसमें किंग मेकर्स टीम ने 3–1 से जीत हासिल की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने किया। इस अवसर पर पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, वन विभाग के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति थे। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि दक्षिण अंडमान वन विभाग ने वन्यजीवों और प्राकृतिक विरासत की रक्षा के उद्देश्य से इस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया है। टूर्नामेंट में कुल 22 टीमें भाग ले रही हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने पर्यटन पहल, 2026–27 के तहत पाक कला कौशल, प्रस्तुति और स्वच्छता में कौशल विकास कार्यक्रम के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए सीमित

सीटें ही उपलब्ध हैं। इसके अलावा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन इमेजिंग, कैमरा हैंडलिंग और पोस्ट–प्रोडक्शन में भी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन मांगे गए हैं। निर्धारित प्रारूप या गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में 30 सितम्बर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय, श्री विजयपुरम ने उपलब्ध रिकॉर्ड के सत्यापन और संबंधित नौकाओं की वर्तमान भौतिक स्थिति के मूल्यांकन के बाद गैर–मोटरीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं और खेल नौकाओं सहित यंत्रीकृत मोटरीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं के पंजीकरण को रद्द करने हेतु प्रस्तावित सूची तैयार की है। पंजीकरण रद्द करने के लिए प्रस्तावित नौकाओं की सूची प्रशासन, मत्स्य पालन विभाग की वेबसाइट तथा क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय, मत्स्य उप–केंद्रों और मत्स्य अवतरण केंद्रों के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। दावे और आपत्तियां प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कल पूरे द्वीप समूह में विभिन्न स्वच्छता, जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें 680 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों में चार–स्तरीय कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूकता, जन भागीदारी स्वच्छता अभियान, स्वच्छ पाठशाला गतिविधियां, पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर, तथा कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं सिंगल–यूज़ प्लास्टिक को 'ना' कहने के अभियान शामिल थे।

<><><><><><><>